From

The Director
Women & Child Development Department,
Haryana, Panchkula

To

All District Programme Officers, Haryana
All District Child Protection Officers, Haryana

Memo No : SPL-3/DDI Dated 6-04-2020

Subject: FAQ on COVID 19

In reference to Subject cited above, please find herewith enclosed FAQ on COVID 19.

Sd/-
Deputy Director
For Director Women and Child Development Department
Haryana

# नोवल कोरोना वायरस

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्रश्न: 2019 नोवेल कोरोनावायरस क्या है?**

उत्तर: 2019 नोवेल कोरोनावायरस या 2019 – एनसीओवी, एक नया वायरस है जिसकी पहचान सबसे पहले चीन के हुबेई प्रांत के वुहान में की गई। इसे नोवेल इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसकी पहचान पहले नहीं की गई थी।

**प्रश्न: 2019 नोवेल कोरोनावायरस का स्रोत क्या है?**

उत्तर: अभी तक 2019 नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के सटीक स्रोत की पहचान नहीं की गई है। कोरोनावायरस वायरस का एक बड़ा परिवार है, इनमें से कुछ लोगों में बीमारी फैलाती है और अन्य जानवरों के बीच फैलते हैं। शुरुआत में, वुहान, चीन में इस प्रकोप के कई रोगियों में कथित तौर पर बड़े समुद्री भोजन और पशु बाजार से कुछ संबंध थे, जिससे इस वायरस की पशु स्रोत से उभरने की संभावना लगी थी।

**प्रश्न: नोवेल कोरोनावायरस के प्रारंभिक लक्षण क्या हैं?**

उत्तर: 2019 – एनसीओवी के रोगियों के वर्तमान लक्षणों में तेज बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई शामिल हैं।

Help us to help you

**#nCoV पर किसी भी प्रकार के तकनीकी सवालों के लिए 24X7 केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कॉल सेंटर / हेल्पलाइन – (+91–11–23978046) या राज्य हेल्पलाइन 1075 पर सम्पर्क करें**

# नोवल कोरोना वायरस

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्रश्नः वायरस कैसे फैलता है?**

उत्तरः वायरस के संचरण के विशिष्ट तरीके अभी तक स्पष्ट नहीं हैं क्योंकि यह एक नया वायरस है। यह वायरस संभवतः मूल रूप से पशु स्रोत से उभरा था लेकिन अब यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता हुआ प्रतीत हो रहा है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि 2019 – एनसीओवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में इतनी आसानी से कैसे फैलता है। ऐसा माना जाता है कि मुख्य रूप से ऐसा तब होता है जब इन्फ्लूएंजा और अन्य श्वसन रोगजनकों के समान एक संक्रमित व्यक्ति खाँसता या छींकता है।

**प्रश्नः 2019 – एनसीओवी के लिए भारत सरकार क्या कर रही है?**

उत्तरः इस बीमारी के बारे में सभी सवालों के जवाब देने के लिए एनसीडीसी, नई दिल्ली में भारत सरकार के द्वारा एक 24 ′ 7 हेल्पलाइन स्थापित की गई है। भारत सरकार स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है और उसने भारत के हर राज्य में तैयारियों के स्तर का पता लगाया है। जैसा कि यह एक उभरती हुई, तेजी से विकसित होती स्थिति है, भारत सरकार सूचना उपलब्ध होने पर अपडेट की गई जानकारी भी देता रहेगा।

**प्रश्नः क्या 2019 नोवेल कोरोनावायरस से बचाव के लिए कोई वैक्सीन है?**

उत्तरः अभी तक 2019 – नोवेल कोरोनावायरस से बचाव के लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं है।

Help us to help you

#nCoV पर किसी भी प्रकार के तकनीकी सवालों के लिए 24X7 केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कॉल सेंटर / हेल्पलाइन – (+91–11–23978046) या राज्य हेल्पलाइन 1075 पर सम्पर्क करें

# नोवल कोरोना वायरस

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्रश्नः क्या चीन के वुहान या अन्य देश जहां 2019 – एनसीओवी के मामले हैं, की यात्रा करना सुरक्षित है?**

उत्तरः चीन की सभी गैर–जरूरी यात्रा से बचना चाहिए। यदि यात्रा बेहद आवश्यक हो, तो हर समय सामान्य सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का पालन करें।

- व्यक्तिगत स्वच्छता का अच्छे से पालन करें
- अपने स्वास्थ्य की बारीकी से निगरानी करें
- यदि आप बीमार महसूस करते हैं तो तुरंत चिकित्सीय सहायता लें
- यदि आप यात्रा के दौरान बीमार महसूस करते हैं, तो अपनी बीमारी के बारे में एयरलाइन चालक दल को सूचित करें और एयरलाइन चालक दल से मास्क लें
- अधिक जानकारी के लिए कृपया भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी यात्रा सलाह देखें जो इसके वेबसाइट (www.mohfw.gov.in) पर उपलब्ध है।

**प्रश्नः इसके उपचार क्या हैं?**

उत्तरः 2019 – नोवेल कोरोनावायरस संक्रमण से बचने के लिए कोई विशेष एंटीवायरल उपचार उपलब्ध नहीं है। 2019 – नोवेल कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों को लक्षणों से राहत पाने के लिए स्वास्थ्य देखभाल सहायता प्राप्त करनी चाहिए।

# नोवल कोरोना वायरस

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्रश्न:मैं अपना बचाव कैसे कर सकता हूं?**

उत्तर: अभी तक 2019 – एनसीओवी के संक्रमण को रोकने के लिए कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। संक्रमण को रोकने का सबसे अच्छा तरीका इस वायरस के संपर्क में आने से बचना है।

- चीन या प्रभावित देशों' की सभी गैर–आवश्यक यात्रा टाल दें।
- व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करें।
- साबुन से लगातार हाथ धोएं।
- खांसते और छींकते समय अपना मुंह ढक कर रखें।
- प्रभावित देशों की सूची डब्ल्यूएचओ की वेबसाइट (www.who.int) पर उपलब्ध है और इसे समय–समय पर अपडेट किया जाएगा।

**प्रश्न:यदि मैं 2019 – एनसीओवी के पुष्ट मामले के निकट संपर्क में आ गया तो मुझे क्या करना चाहिए?**

उत्तर: ऐसे मामलों के संपर्क में आने या ऐसे देशों में बिताए आखिरी दिन से 28 दिनों तक अपने स्वास्थ्य की निगरानी रखें। संकेतों और लक्षणों की तीव्र शुरुआत की जांच करें

- बुखार
- खांसी
- सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई

यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी का भी अनुभव करते हैं तो आगे की सलाह और उपचार के लिए निकटतम स्वास्थ्य सुविधा पर जाएं। इसके अलावा आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता को ऐसे रोगी के संपर्क का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

Help us to help you

**#nCoV पर किसी भी प्रकार के तकनीकी सवालों के लिए 24X7 केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कॉल सेंटर / हेल्पलाइन – (+91–11–23978046) या राज्य हेल्पलाइन 1075 पर सम्पर्क करें**

# नोवल कोरोना वायरस

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्रश्नः क्या मुझे 2019 – नोवेल कोरोनावायरस के लिए जांच करानी चाहिए?**

उत्तरः यदि आप तेज बुखार और सांस की बीमारी के लक्षण, जैसे कि खांसी या सांस की तकलीफ का अनुभव करते हैं तो आपको निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केंद्र जाना चाहिए और आपके चीन / प्रभावित देशों की यात्रा के इतिहास या नोवेल कोरोना वायरस के किसी भी संदिग्ध / पुष्ट मामले के साथ संपर्क में आने की जानकारी के आधार पर डॉक्टर यह तय करेंगे कि आपको 2019 – कोरोनावायरस की जांच कराने की आवश्यकता है या नहीं।

Help us to help you

डायल करो 108
एम्बुलैंस की सेवा लो

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा